बाबोसा उन्ही का नाम है

तर्ज - किसीकी मुस्कराहटों पे

चलेगी नैया तेरी बिन पतवार,
के करले बाबोसा पे तू ये एतबार,
के करते है भक्तो की नैया वो पार,
बाबोसा उन्ही का नाम है॥

श्री बाबोसा के जो भी करीब है,
जग में यारो वो ही खुशनसीब है.....-2
बाबोसा की तू दिलसे करले बंदगी,
हो जायेगी सफल ये तेरी जिन्दगी,
के जोड़ ले तू इनसे अपने दिल के तार...
बाबोसा उन्ही का नाम है॥

कर ना कोई चिंता तू ना कर फिकर,
बाबोसा की तुझपे , है बड़ी मेहर.....- 2
तू भी मांगेगा जो भी मिल ही जायेगा,
तेरे हर काम वो ही बनायेगा,
कभी ना होने देगा वो तेरी हार ...
बाबोसा उन्ही का नाम है॥

रिश्ता तू बनाले इनसे एक बार
प्यार ये करेंगे तुझसे बेशुमार.....- 2
ये साथ हर जन्म तेरा निभायेगे,
के छोड़ तुझको ये कभी ना जायेगे,
देव 'दिलबर' के जो है आधार....
बाबोसा उन्ही का नाम है॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24302/title/babosa-unhi-ka-naam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |